**Press Release:**

# कोरोना से निपटने बालको में सतर्कता उपाय और भी पुख्ता

**बालकोनगर, 16 April** कोरोना वायरस (COVID-19) से निपटने के लिए बालको प्रबंधन की ओर से क्रियान्वित सुरक्षा और सतर्कता उपाय समय के साथ और भी पुख्ता बनाए गए हैं। बालको प्रबंधन ने जिला प्रशासन को बताया है कि शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन पूर्णतः सुनिश्चित किया गया है। संयंत्र और बालको टाउनशिप परिसर में अपनाए गए उपायों की निगरानी बालको के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही है। परिस्थितियों की निगरानी के लिए केंद्रीय समिति गठित की गई है।

बालको क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों की मदद से बालको प्रबंधन ने 300 जरूरतमंद परिवारों को चिह्नित किया है। इन परिवारों को एक महीने का राशन बालको की ओर से उपलब्ध कराया जाएगा। जन प्रतिनिधियों की देखरेख में 50 परिवारों को राशन वितरित किए जा चुके हैं। सोशल डिस्टेंसिंग और संयंत्र में कर्मचारियों के सामूहिक प्रवेश को रोकने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। आवश्यकतानुसार कर्मचारियांे के लिए शिफ्ट तैयार किए गए हैं। बालको के इन प्रयासों से संयंत्र में किसी शिफ्ट के दौरान उपस्थित होने वाले कर्मचारियों की संख्या में 30 फीसदी से अधिक कमी आई है। बायोमेट्रिक प्रवेश निलंबित है। संयंत्र परिसर में आने वाले कर्मचारियों की थर्मल जांच की जा रही है। प्रवेश द्वार पर प्रत्येक व्यक्ति के लिए हैंड सैनिटाइज़र की व्यवस्था की गई है। प्रवेश द्वार पर सैनिटाइजेशन टनल बनाए गए हैं। संयंत्र में टर्नस्टाइल प्रवेश अथवा निर्गम द्वार से पैदल आने-जाने वाले कर्मचारियांे के लिए यह द्वार बंद कर दिए गए हैं। संयंत्र के प्रवेश और निर्गम द्वारों पर एक मीटर की मार्किंग बनाई गई है। संयंत्र परिसर के अंदर अलग-अलग कैंटीन में भी यही व्यवस्था बनाई गई है ताकि व्यक्तियों के बीच पर्याप्त दूरी हो। कैंटीन में बैठने की व्यवस्था और समय में बदलाव किया गया है। गैर तकनीकी कर्मचारियों को यथासंभव घर पर रहकर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। विज़िटर रूम और विज़िटर पोर्टल ब्लॉक कर दिए गए हैं ताकि संयंत्र में कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रवेश न कर सके।

नई नियुक्तियां और ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप स्थगित कर दी गई हैं। ऐसे कर्मचारी जो छुट्टी पर हैं, अनुपस्थित हैं अथवा कहीं बाहर से लौटे हैं, उनके पंच कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं। ऐसे सभी कर्मचारियों को वापस आने पर मेडिकल स्क्रिनिंग से गुजारा जा रहा है। पूरी तरह फिट पाए जाने पर ही उन्हें काम करने की अनुमति दी जा रही है। कर्मचारियों के परिवारजनों के लिए भी यही प्रक्रिया अपनाई जा रही है। कर्मचारियों की सभी छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। कैंटीन, हॉस्टल परिसर, पार्किंग परिसरों में समूह के एकत्रित होने को हतोत्साहित किया गया जा रहा है। संयंत्र परिसर के विभिन्न स्थानों, कॉन्फरेंस हॉल, बैठने के स्थानों, धातु के दरवाजों, हैंडलों आदि का लगातार सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। सभी विभागों में हैंड सैनिटाइजेशन और मास्क उपलब्ध कराए गए हैं।

जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शैक्षणिक संस्थाएं बंद हैं। बालको टाउनशिप में क्लब, स्वीमिंग पुल, बैडमिंटन कोर्ट, वर्कमेन क्लब और कर्मचारी संघों के कार्यालय बंद हैं। विभिन्न धर्मों के उपासना स्थलों को बंद करने और समूह के एकत्रण को रोकने के लिए औपचारिक पत्रों के माध्यम से अनुरोध किया गया है। बालको के 50 दलों ने घर-घर जाकर सैनिटाइजेशन अभियान पूर्ण किया है। इसके साथ ही दलांे ने घर-घर जाकर छत्तीसगढ़ के बाहर से अथवा विदेश से आने वाले लोगों के संबंध में जानकारी ली है। पिछले एक महीने के दौरान टाउनशिप और आसपास के क्षेत्रों में 5000 से अधिक पैम्फलेट बांटे गए हैं। टाउनशिप के नागरिकों से यह अनुरोध किया गया है कि वे आवश्यक वस्तुओं का भंडारण कर लें ताकि उन्हें बार-बार बाजार न जाना पड़े। बालको के गेस्ट हाउस पूरी तरह से सैनिटाइज्ड हैं। जो नागरिक गेस्ट हाउस में ठहरे हैं उनकी मेडिकल जांच की गई है। गेस्ट हाउस में कोई भी नई बुकिंग नहीं की जा रही है। सामुदायिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आसपास के क्षेत्रों मे बड़े पैमाने पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित हैं।

बालको टाउनशिप के सिविक सेंटर और डेली मार्केट में एक मीटर की मार्किंग बनाई गई है। पूरे टाउनशिप को बड़े ट्रक के जरिए सैनिटाइज किया जा रहा है।

शासकीय दिशानिर्देशों के अनुरूप बालको अस्पताल में आवश्यकता पड़ने पर कोविड-19 से निपटने के लिए विशेष वार्ड तैयार किया गया है। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन और चिकित्सा अधिकारियों की देखरेख में बालको अस्पताल मे 4 बिस्तरों वाला क्वारेंटाइन सेंटर विकसित किया गया है। क्वारेंटाइन सेंटर के प्रवेश और निर्गम द्वार बालको अस्पताल से अलग हैं। चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों को आपातकालीन परिस्थितियों के लिए विशेष सुरक्षात्मक शूट उपलब्ध कराए गए हैं। सभी चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों के साथ ही अस्पताल में आने वाले जरूरतमंदों को मास्क लगाने की सलाह दी गई है। उनके लिए हैंड सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई है।

सभी बालको कर्मचारियों और ठेका कर्मचारियों को शारीरिक प्रतिरक्षा तंत्र की मजबूती के लिए विटामिन सी की गोलियां वितरित की गई हैं। बालको अस्पताल में बड़े पैमाने पर सैनिटाइजेशन किट उपलब्ध कराए गए हैं। जागरूकता एवं सैनिटाइजेशन प्रक्रिया में भागीदारी करने वाले नागरिकों को एन-95 फेस मास्क, त्रिस्तरीय फेस मास्क, हैंड सैनिटाइजर और अन्य व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। आशंका की किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रकार के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) से सुसज्जित एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कोरोना वायरस के प्रति जागरूकता के लिए बालको अस्पताल में हेल्प डेस्क बनाए गए हैं जो निरंतर प्रचालन में है। विभिन्न शासकीय एजेंसियों के साथ पूर्ण समन्वय स्थापित है। जिन शल्यक्रियाओं को टाला जा सकता है उन्हें भविष्य के लिए स्थगित कर दिया गया है। सैनिटाइजेशन के मानक कार्यप्रणाली के अनुपालन में बालको अस्पताल परिसर को प्रतिदिन दो बार क्लोरीन घोल की मदद से निष्कीटित किया जा रहा है। बच्चों की जांच एवं उपचार तथा टीकाकरण के समय को परिवर्तित कर दिया गया है ताकि उन्हें किसी भी प्रकार के संक्रमण से बचाया जा सके।
-------

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) देश की प्रमुख एल्यूमिनियम उत्पादक इकाई है। कंपनी की 49 फीसदी अंशधारिता भारत सरकार के और 51 फीसदी अंशधारिता वेदांता लिमिटेड के स्वामित्व में है। वेदांता लिमिटेड दुनिया की 6वीं सबसे बड़ी वैविध्यीकृत प्राकृतिक संसाधन कंपनी है तथा यह कंपनी देश में एल्यूमिनियम का सबसे अधिक उत्पादक करती है। बालको द्वारा कोरबा में 0.57 मिलियन टन प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता के एल्यूमिनियम स्मेल्टर का प्रचालन किया जाता है। बालको मूल्य संवर्धित एल्यूमिनियम उत्पादों की अगुवा कंपनी है जिसके उत्पादों का महत्वपूर्ण अनुप्रयोग कोर उद्योगों में किया जाता है। विश्वस्तरीय स्मेल्टर और बिजली उत्पादक संयंत्रों के साथ बालको का ध्येय ‘भविष्य की धातु’ एल्यूमिनियम को उभरते अनुप्रयोगों हेतु प्रोत्साहित करते हुए हरित एवं समृद्ध कल के लिए योगदान करना है।

---------------------------------------------------------------------

**About Vedanta Limited**

Vedanta Limited, a subsidiary of Vedanta Resources Limited, is one of the world’s leading Oil & Gas and Metals company with significant operations in Oil & Gas, Zinc, Lead, Silver, Copper, Iron Ore, Steel, and Aluminium & Power across India, South Africa, Namibia, and Australia. For two decades, Vedanta has been contributing to India’s growth story, currently contributing 1 percent of India’s GDP. The company is among the top private sector contributors to the exchequer with the highest ever contribution of INR 42,560 Crore in FY 2019.
Governance and sustainable development are at the core of Vedanta's strategy, with a strong focus on health, safety, and environment and on enhancing the lives of local communities. The company has been conferred the CII-ITC Sustainability Award, the FICCI CSR Award, Dun & Bradstreet Awards in Metals &

Mining, and certified as a Great Place to Work. Vedanta Limited is listed on the Bombay Stock Exchange and the National Stock Exchange in India and has ADRs listed on the New York Stock Exchange.

For more information please log on to https://www.vedantalimited.com

**For further information contact:**
Sonal Choithani
Chief Communication Officer
Aluminium & Power Business
Vedanta Ltd.
Sonal.choithani@vedanta.co.in
+91-9910602549